I. सही विकल्प चुनें।

Q.1 सन् 2008 – 2009 के अनुसार भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय है– *[BSEB 2014]*

(क) ₹ 22,553 (ख) ₹ 25,494 (ग) ₹ 6,610 (घ) ₹ 54,850

*[BSEB 2020, 2019, 2018, 2016]*

Q.2 भारत में वित्तीय वर्ष कहा जाता है–

(क) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (ख) 1 जुलाई से 30 जून तक

(ग) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (घ) 1 सितम्बर से 31 अगस्त तक

Q.3 भारत में किस राज्य का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है ?

(क) बिहार (ख) पंजाब (ग) हरियाणा (घ) गोवा

*[BSEB 2019, 2015]*

Q.4 बिहार के किस जिले का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है ?

(क) पटना (ख) गया (ग) शिवहर (घ) नालंदा

Q.5 उत्पादन एवं आय गणना विधि आर्थिक दृष्टिकोण से है–

(क) सहज (ख) वैज्ञानिक (ग) व्यावहारिक (घ) उपर्युक्त तीनों

**• Answers •**

1. (ख) 2. (ग) 3. (घ) 4. (क) 5. (घ)

II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

Q.1 बिहार की ............... प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करती है।

Q.2 उत्पादन, आय एवं ............... एक चक्रीय समूह का निर्माण करते हैं।

Q.3 राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने से प्रति व्यक्ति आय में ............... होती है।

Q.4 राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने से ............... की क्रिया पूरी होती है।

Q.5 बिहार में वर्ष 2008 – 2009 के बीच कुल घरेलू उत्पाद ............... प्रतिशत हो गया।

CamScanner

**Answers**

1. 41.4 (नीति आयोग के 2020 – 21 की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 34% गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं)
2. व्यय
3. वृद्धि
4. विकास
5. 11.3

**III. सही एवं गलत कथन की पहचान करें–**

1. राष्ट्रीय आय एक दिए हुए समय में किसी अर्थव्यवस्था की उत्पादन शक्ति को मापती है।
2. उत्पादन, आय एवं व्यय एक चक्रीय समूह का निर्माण नहीं करती है।
3. भारत की प्रति व्यक्ति आय अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय से अधिक है।
4. दादा भाई नौरोजी के अनुसार सन् 1968 में भारत की प्रति व्यक्ति आय ₹ 20 थी।
5. बिहार की प्रति व्यक्ति आय में कृषि क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है।

**Answers**

1. सही
2. गलत
3. गलत
4. गलत
5. सही

**IV. संक्षिप्त रूप को पूरा करें–** *[BSEB 2011]*

1. G.D.P. – Gross Domestic Product
2. P.C.I. – Per Capita Income
3. N.S.S.O. – National Sample Survey Organisation
4. C.S.O. – Central Statistical Organisation *[BSEB 2012]*
5. G.N.P. – Gross National Product
6. N.N.P. – Net National Product
7. N.I. – National Income
8. H.D.I. – Human Development Index

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**Q.1 आय से आप क्या समझते हैं?** *[BSEB 2014]*

**उत्तर :** जब कोई व्यक्ति किसी प्रकार का शारीरिक अथवा मानसिक कार्य करता है और उस कार्य के बदले में जो पारिश्रमिक मिलता है, उसे उस व्यक्ति की आय कहते हैं। आय रुपये/पैसे अथवा वस्तु के रूप में हो सकता है।

**Q.2 सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते हैं?** *[BSEB 2017, 2016]*

**उत्तर :** किसी देश के भीतर किसी विशेष वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं। सकल घरेलू उत्पाद अर्थव्यवस्था की विशालता प्रदर्शित करता है।

**Q.3 प्रति व्यक्ति आय क्या है?** *[BSEB 2021, 2019, 2013]*

**उत्तर :** किसी देश की राष्ट्रीय आय में कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल आता है, वह उस देश की प्रति व्यक्ति आय होती है। प्रति व्यक्ति आय को औसत आय (Average Income) भी कहा जाता है।

प्रति व्यक्ति आय निकालने का फार्मूला–

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{देश की कुल जनसंख्या}}$$

**Q.4 भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना कब और किसके द्वारा की गई थी?**

**उत्तर :** भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना 1868 ई० में दादा भाई नौरोजी द्वारा किया गया था।

**Q.5 भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस संस्था के द्वारा होती है?**

**उत्तर :** भारत में राष्ट्रीय आय की गणना केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (Central Statistical Organisation–CSO) द्वारा किया जाता है। इस कार्य में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (National Sample Survey Organisation–NSSO) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन की सहायता करता है।

[BSEB 2018, 2019]

**Q.6 राष्ट्रीय आय की गणना में होने वाली कठिनाइयों का वर्णन करें।**

**उत्तर :** पेज संख्या 14 और 15 देखें।

[BSEB 2021, 2020]

**Q.7 आय का गरीबी के साथ संबंध स्थापित करें।**

**उत्तर :** आय और गरीबी में गहरा संबंध है। गरीबों की आय न्यूनतम होती है जिसके कारण उनका बचत भी कम होता है। कम बचत के कारण पूँजी निर्माण कम होता है। कम पूँजी निर्माण दर के कारण विनियोग भी कम होता है, जिसके परिणामस्वरूप पुनः आय कम होती है और कम आय के कारण लोग गरीबी में अपना जीवन बसर करते हैं। अर्थशास्त्री रैगनर नर्क्स ने इसे गरीबी के कुचक्र के रूप में व्यक्त किया है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**Q.1 स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत सरकार ने कब और किस उद्देश्य से राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया?**

**उत्तर :** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1949 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय आय के अनुमान के लिए पी॰सी॰ महालनोबिस की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया। इस समिति ने अप्रैल, 1951 में अपनी प्रथम रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। इसमें सन् 1948 – 49 के लिए देश की कुल राष्ट्रीय आय ₹ 8,650 करोड़ बताई गई तथा प्रति व्यक्ति आय ₹ 246.9 बताई गई।

[BSEB 2016]

**Q.2 राष्ट्रीय आय की परिभाषा दें। इसकी गणना की प्रमुख विधि कौन–कौन सी है?**

**उत्तर :** राष्ट्रीय आय एक वित्तीय वर्ष में उस देश द्वारा उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है। राष्ट्रीय आय में वृद्धि देश की प्रगति को दर्शाता है।

**राष्ट्रीय आय की प्रमुख गणना विधि के बारे में विस्तार से पेज संख्या 4 पर किया गया है।**

[BSEB 2018]

**Q.3 प्रति व्यक्ति आय और राष्ट्रीय आय में अंतर स्पष्ट करें।**

**उत्तर :** प्रति व्यक्ति आय और राष्ट्रीय आय में निम्नलिखित अंतर है-

| प्रति व्यक्ति आय | राष्ट्रीय आय |
|---|---|
| किसी देश की कुल आय में कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल आता है, वह उस देश की प्रति व्यक्ति आय होती है। | राष्ट्रीय आय एक वित्तीय वर्ष में किसी देश द्वारा उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है। |
| प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि जीवन-स्तर को दर्शाता है। | राष्ट्रीय आय में वृद्धि देश की प्रगति को दर्शाता है। |
| प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय आय का हिस्सा है। | राष्ट्रीय आय में प्रति व्यक्ति आय शामिल है। |
| प्रति व्यक्ति आय का संबंध सूक्ष्म अर्थव्यवस्था से है। | राष्ट्रीय आय का संबंध वृहत अर्थव्यवस्था से है। |

**Q.4 राष्ट्रीय आय में वृद्धि भारतीय विकास के लिए किस तरह से लाभप्रद है, वर्णन करें।**

**उत्तर :** राष्ट्रीय आय में वृद्धि भारतीय विकास के लिए निम्नलिखित तरह से लाभप्रद है-

→ किसी देश की आर्थिक विकास उसकी राष्ट्रीय आय पर निर्भर करती है।
→ जिस देश की राष्ट्रीय आय जितनी अधिक होगी वह देश उतना विकसित और समृद्ध होगा।
→ राष्ट्रीय आय में वृद्धि से लोगों के जीवन-स्तर में सुधार होगा।
→ राष्ट्रीय आय बढ़ने से प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी जिससे बचत बढ़ेगा।
→ बचत से लोग पूँजी निर्माण करेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, विज्ञान, परिवहन, संचार आदि जैसे सुविधाओं का विकास करेंगे।
→ इससे एक साक्षर, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण होगा।

**Q.5 विकास में प्रति व्यक्ति आय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।**

**उत्तर :** राष्ट्रीय आय की तरह प्रति व्यक्ति आय भी किसी राष्ट्र की संपन्नता और विपन्नता का सूचक है। जिस देश या राज्य की प्रति व्यक्ति आय कम होगी वहाँ बचत भी कम होगा। कम बचत के कारण पूँजी निर्माण दर कम होगा। कम पूँजी निर्माण दर के कारण विनियोग कम होगा। इस तरह वहाँ रोजगार के कम अवसर होंगे और गरीबी का कुचक्र बना रहेगा।

दूसरी तरफ जिस देश या राज्य की प्रति व्यक्ति आय अधिक होगी वहाँ बचत भी अधिक होगा, जिससे उत्पादन की माँग में बढ़ोतरी होगी। इस माँग को पूरा करने के लिए अधिक उत्पादन करना होगा जिससे आर्थिक विकास की प्रक्रिया तेज होगी। इससे जीवन-स्तर

CamScanner

में सुधार होगा, रोजगार बढ़ेगा और लोगों के पास बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य का विकल्प उपलब्ध होगा। इस तरह हम कह सकते हैं कि आर्थिक विकास में प्रति व्यक्ति आय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**Q.6 क्या प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि राष्ट्रीय आय को प्रभावित करती है वर्णन करें।**

**उत्तर :** हाँ, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि राष्ट्रीय आय को प्रभावित करती है क्योंकि राष्ट्रीय आय में प्रति व्यक्ति आय भी शामिल होता है। अगर किसी राष्ट्र या राज्य के निवासियों की प्रति व्यक्ति आय कम होती है तो निश्चित तौर पर उस राष्ट्र का राष्ट्रीय आय भी कम होगा और आर्थिक विकास में वह क्षेत्र पीछे छूट जाएगा। दूसरी तरफ अगर प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी होती है तो राष्ट्रीय आय में भी बढ़ोतरी होगी और वहाँ आर्थिक विकास की गति तेज होगी।

## कुछ महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न

[BSEB 2021]

**Q.1 वर्तमान में भारत में कितने केन्द्र शासित प्रदेश हैं?**
(क) 7 (ख) 9 (ग) 8 (घ) 10

[BSEB 2021]

**Q.2 भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौन करता है?**
(क) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) (ख) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(ग) वित्त विभाग (घ) राष्ट्रीय विकास परिषद्

[BSEB 2021]

**Q.3 भारत की राष्ट्रीय आय का सर्वप्रथम अनुमान किसने लगाया?**
(क) महात्मा गाँधी (ख) जवाहर लाल नेहरू (ग) सरदार पटेल (घ) दादा भाई नौरोजी

**Q.4 किसी वर्ष में उत्पादित ............... के कुल मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं।**
(क) सभी वस्तुओं और सेवाओं (ख) सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं
(ग) सभी मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं (घ) सभी मध्यवर्ती एवं अंतिम वस्तुओं और सेवाओं

**Q.5 'पावर्टी एण्ड अन–ब्रिटिश रूल इन इंडिया' (Poverty and Un-British Rule in India) किसकी पुस्तक है ?**
(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) राजेन्द्र प्रसाद (ग) दादा भाई नौरोजी (घ) एडम स्मिथ

**Q.6 1868 ई० में दादा भाई नौरोजी के अनुसार भारतीयों का प्रति व्यक्ति आय था–**
(क) ₹ 20 (ख) ₹ 40 (ग) ₹ 60 (घ) ₹ 100

**Q.7 किसकी अध्यक्षता में 1949 में एक राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया गया?**
(क) Dr. V.K.R.V. Rao (ख) दादा भाई नौरोजी (ग) पी०सी० महालनोबिस (घ) राजेन्द्र प्रसाद

**Q.8 किसने गरीबी के कुचक्र की धारणा को बताया था?**
(क) रैगनर नर्क्स (ख) अल्फ्रेड मार्शल (ग) पीगू (घ) फिशर

**Q.9 तीनों क्षेत्रकों के उत्पादनों के योगफल को क्या कहा जाता है?**
(क) GDP (ख) PCI (ग) NSSO (घ) CSO

**Q.10 निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय आय गणना की विधि नहीं है?**
(क) उत्पादन विधि (ख) व्यय विधि (ग) आय विधि (घ) इनमें से कोई नहीं

### • Answers •

1. (ग) 2. (क) 3. (घ) 4. (ख) 5. (ग) 6. (क) 7. (ग) 8. (क) 9. (क) 10. (घ)

CamScanner